आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरूवार 15.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सशस्त्र बलों को बधाई दी। कहा– पाकिस्तान के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित नहीं हैं और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को इसे अपने नियंत्रण में ले लेना चाहिए।
- चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों को 25 स्थानों पर ई– चार्जिंग की सुविधा मिल रही है।
- चम्पावत जिले में चालू वित्तीय वर्ष के लिए 68 करोड़ रुपए से अधिक की जिला योजना का अनुमोदन।
- बदरीनाथ धाम में प्लास्टिक कचरे को नगर पंचायत ने बनाया आय का साधन।

**रक्षा मंत्री**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पिछले कई दशकों से पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर से फैलाये जा रहे आतंक के खिलाफ भारत की कठोर और कड़ी कार्रवाई है। रक्षा मंत्री ने आज श्रीनगर में सेना के 15 कोर बादामी बाग छावनी में सैनिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के साहस, शौर्य और कुशलतापूर्वक की गई कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को उनके साहस, संकल्प, समर्पण पर गर्व है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षण में लिये जाने चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद श्री राजनाथ सिंह का जम्मू कश्मीर का यह पहला दौरा है।

**ई– चार्जिंग स्टेशन**

चारधाम यात्रा को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए, प्रदेश सरकार ने इस यात्रा सीजन से 25 स्थानों पर ई–व्हीकल चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी है। परिवहन विभाग और टीएचडीसी के सहयोग से चारधाम यात्रा मार्ग पर 38 ई–व्हीकल चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से यात्रा शुरू होने तक 25 स्टेशन शुरू किए जा चुके हैं, जहां यात्री आसानी से अपने ई–व्हीकल को चार्ज करवा रहे हैं। प्रत्येक स्टेशन पर 60 किलोवाट क्षमता के यूनिवर्सल चार्जर लगाए गए हैं, जिनमें 30–30 किलोवाट की दो चार्जिंग गन शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप इस वर्ष

चारधाम यात्रा को हरित यात्रा के रूप में आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में यात्रा मार्ग पर ई.वी चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाएगी, बल्कि उत्तराखंड को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में भी एक सार्थक कदम साबित होगी। गढ़वाल मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विशाल मिश्रा ने बताया कि ग्रीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने के लिए मुख्य पड़ावों पर ई–चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है, ताकि यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित हो सकें। अकेले रुद्रप्रयाग जिले में पर्यटन विभाग द्वारा संचालित निगम के चार गेस्ट हाउसों पर चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की गई है।

## पुष्कर कुंभ

चमोली जिले के माणा गांव में स्थित केशव प्रयाग में 12 वर्षों बाद पुष्कर कुंभ का आयोजन शुरु हो गया है। जिसे लेकर बदरीनाथ धाम के साथ ही माणा गाँव में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। पुष्कर कुंभ के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन की ओर से यहां तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि तीर्थ स्थल न केवल हमारी धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि ये देश की एकता और सांस्कृतिक एकजुटता के भी प्रतीक हैं। विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालु इन स्थलों पर एकत्र होकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हैं। इसी क्रम में माणा गांव में आयोजित पुष्कर कुंभ, उत्तर को दक्षिण से जोड़ रहा है।

गौरतलब है कि माणा गांव में 12 वर्षों के बाद पुष्कर कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक परंपरा के अनुसार जब 12 वर्षों में बृहस्पति ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश करता है, तो माणा गांव स्थित अलकनंदा और सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित केशव प्रयाग में पुष्कर कुंभ का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में मुख्य रूप से दक्षिण भारत के वैष्णव मतावलम्बी प्रतिभाग करते हैं।

## जिला योजना चम्पावत

चम्पावत जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने आज बनबसा में जिला योजना की बैठक ली। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए करीब 68 करोड़ 57 लाख रुपए की जिला योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस वर्ष कुल 33 विभागों की प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रस्तावों में स्वरोजगार, पूंजीगत निर्माण और अधूरे कार्यों को पूरा करने को प्राथमिकता दी गई है। प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लगभग 68 करोड़ की यह जिला योजना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता को दर्शाती है।

## चारधाम स्वच्छता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चार धाम यात्रा का संचालन हरित चार धाम यात्रा की थीम पर किया जा रहा है। जिसे लेकर यात्रा मार्गों पर स्वच्छता के साथ ही धामों में प्लास्टिक कचरे के निस्तारण को लेकर नगर पालिका और पंचायतों की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से बदरीनाथ धाम में प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए विपणन की व्यवस्था की गई है। इससे नगर पंचायत को आय प्राप्त होने लगी है। नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि धाम में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए जहां क्यू.आर कोड व्यवस्था लागू की गई है, वहीं इसके निस्तारण के लिए नगर पंचायत की ओर से विपणन की व्यवस्था की गई है। धाम से एकत्रित किए जा रहे प्लास्टिक कचरे को ब्लॉक बनाकर विपणन किया जा रहा है। ऐसे में इस वर्ष यात्रा शुरू होने से अभी तक 7 दिनों में नगर पंचायत की ओर से चार टन से अधिक अजैविक कचरे का विपणन किया गया है। जिससे नगर पंचायत ने करीब 50 हजार रुपए की आय अर्जित की है। उन्होंने बताया कि धाम में वर्ष 2022 से एम.आर.एफ सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जहां धाम से निकलने वाले कचरे को अलग–अलग कर कम्पोस्टिंग और कॉम्पैक्टिंग कर निस्तारित किया जाता है।

## आदि कैलाश यात्रा

कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित आदि कैलाश यात्रा का पहला दल आज पिथौरागढ़ से रवाना हुआ। पिथौरागढ़ नगर निगम की मेयर कल्पना देवलाल ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। रवाना होने से पहले निगम के प्रबंधक दिनेश गुरूरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। साथ ही वृक्षारोपण कर उन्हें उच्च हिमालयी क्षेत्र में पौधारोपण के लिए पौधे भी दिए गए। मेयर कल्पना देवलाल ने यात्रा को देशभर में नई पहचान देने और सीमांत क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन में नया मुकाम देने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

वहीं, यात्री हिमालय बचाओ अभियान से काफी प्रभावित दिखे। यात्री चंद्रशेखर खुल्बे ने कहा कि वह हिमालयी क्षेत्र में बिखरी गंदगी को अपने साथ लाने का प्रयास करेंगे।